भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-5283

उत्तर देने की तारीख-03/04/2023

सीबीएसई के पाठ्यक्रम में महाराजा अग्रसेन के जीवन-परिचय को शामिल करना

5283. श्री घनश्याम सिंह लोधी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में बहादुरी, विनम्रता और लोक कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महाराजा अग्रसेन जी का जीवन परिचय शामिल करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो इसे केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में कब तक शामिल किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या महाराजा अग्रसेन के जीवन परिचय को पाठ्यक्रम में शामिल करना छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) और (ख): केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध स्कूल राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों का अनुसरण करते हैं।

(ग) और (घ) : इतिहास की महत्वपूर्ण हस्तियों की जीवनी और कार्य छात्रों के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत के रूप में कार्य करते हैं। तथापि, जहाँ तक एनसीईआरटी की इतिहास की पाठ्यपुस्तकों का संबंध है, इनमें भारत के इतिहास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जिसमें कई महत्वपूर्ण व्यक्तित्वों, क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों और सामान्य भारतीय पुरुषों और महिलाओं की जीवनी, कार्यों और बलिदानों की झलक मिलती है। चूंकि इतिहास में पाठ्यक्रम विषयों के एक विषयगत संगठन का अनुसरण किया गया है, इसलिए स्कूलों में गतिविधि-आधारित शिक्षण-अधिगम अभ्यासों को बढ़ावा देने और छात्रों पर पाठ्यक्रम के भार को कम करने की आवश्यकता के प्रति जागरूक होने के कारण पाठ्यपुस्तकों में विभिन्न व्यक्तित्वों के जीवन परिचय नहीं दिए जाते हैं।

*****